भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **+2270**
सोमवार, **8** जुलाई, 2019/17 आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन परिपथों के धार्मिक स्थलों को परस्पर जोड़ना

+2270. श्री हनुमान बैनिवालः
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की पर्यटन परिपथ में देश के धार्मिक स्थलों को परस्पर जोड़कर उन्हें विकसित करने की कोई कार्य-योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय, स्वदेश दर्शन योजना – थीम आधारित पर्यटक परिपथों का एकीकृत विकास के अंतर्गत देशभर में पर्यटन संभावना वाले अभिज्ञात परिपथों में योजनाबद्ध एवं प्राथमिकता प्राप्त तरीके से पर्यटन अवसंरचना का विकास कर रहा है । इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु 15 थीम आधारित परिपथों की पहचान की गई है जिसमें आध्यात्मिक परिपथ, रामायण परिपथ, कृष्णा परिपथ, बौद्ध परिपथ, तीर्थंकर परिपथ और सूफी परिपथ शामिल हैं। देश के सभी धार्मिक/ आध्यात्मिक स्थल स्वदेश दर्शन के इन परिपथों के अंतर्गत सम्मिलित हैं।

उपरोक्त परिपथों के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:

(करोड़ रूपए में)

क्र.सं.	राज्य/स्वीकृत वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
आध्यात्मिक परिपथ			
1.	केरल **(2016-17)**	पथनामथिट्टा जिला, केरल में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में सबरीमाला-एरूमेलि-पम्पा-सन्नीधानम का विकास	**99.99**
2.	मणिपुर **(2016-17)**	आध्यात्मिक परिपथ **-** श्रीगोविंदजी मंदिर- श्रीबिजय गोविंदजी मंदिर-श्रीगोपीनाथ मंदिर- श्रीबंगशीबोदन मंदिर- श्रीकैना मंदिर, मणिपुर का विकास	**53.80**

3.	केरल (2016-17)	केरल में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में श्री पदमनाभ अरनामुला - सबरीमाला का विकास	92.22
4.	बिहार (2016-17)	कांवड़िया रूट, सुल्तानगंज-धर्मशाला - देवघर का एकीकृत विकास	52.35
5.	उत्तर प्रदेश (2016-17)	शाहजहांपुर- बस्ती-अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी-प्रतापगढ़-उन्नाव-कौशाम्बी–मिर्जापुर-गोरखपुर-कैराना-डुमरियागंज-बागपत-बाराबंकी-आजमगढ़ का विकास	68.39
6.	उत्तर प्रदेश (2016-17)	बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चन्दौली-मिश्रिख-भदोही का विकास	63.77
7.	राजस्थान (2016-17)	चुरू (सालासर बालाजी)-जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घटके बालाजी, बांधेके बालाजी) -अलवर (पांडुपोल हनुमानजी, भरतहरि)-विराटनगर (बीजक, जैन्नासिया, अम्बिका मंदिर)-भरतपुर (कमान क्षेत्र)-धौलपुर (मुचकुंद)-मेहंदीपुर बालाजी-चित्तौड़गढ़ (साँवलियाजी) का विकास	93.90
8.	पुडुचेरी (2017-18)	पुदुच्चेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास	40.68
9.	बिहार (2017-18)	मंदार पहाड़ी एवं अंग प्रदेश का विकास।	53.49
10.	महाराष्ट्र (2018-19)	वाकी- अडासा- धापेवाड़ा- पराडसिंहा- छोटा ताज बाग- तेलानखांडी- गिराड का विकास	54.01
11.	उत्तर प्रदेश (2018-19)	जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा- खुर्जा-बांदा का विकास	14.52
12.	केरल (2018-19)	शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुविपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रमण्य् - चेम्बनझांति श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	69.47
13.	केरल (2018-19)	कासारागोड, वायनाड, कन्नूर, कोझिकोड, पल्लक्काड़, मल्लपुरम, त्रिचूर, एर्णाकुलम, इडुक्की, कोट्टयम, अल्लपुझा, पथानमथिट्टा, कोल्लम, त्रिवेंद्रम का विकास	85.23
14.	उत्तर प्रदेश (2018-19)	गोरखपुर मंदिर (गोरखपुर), देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर) तथा वटवासिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	21.16

रामायण परिपथ			
15.	उत्तर प्रदेश (2016-17)	चित्रकूट और श्रृंग्वेरपुर का विकास	69.45
16.	उत्तर प्रदेश (2017-18)	अयोध्या का विकास	133.31
कृष्णा परिपथ			
17.	हरियाणा (2016-17)	कुरूक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों में पर्यटन अवसंरचना का विकास	97.35
18.	राजस्थान (2016-17)	गोविन्द देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास	91.45
बौद्ध परिपथ			
19.	मध्य प्रदेश (2016-17)	सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार में बौद्ध परिपथ का विकास	74.94
20.	उत्तर प्रदेश (2016-17)	श्रावस्ती, कुशीनगर एवं कपिलवस्तु में बौद्ध परिपथ का विकास	99.97
21.	बिहार (2016-17)	बोधगया में, पश्चिमी तरफ माया सरोवर से सटे सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण	98.73
22.	गुजरात (2017-18)	जूनागढ़- गिर-सोमनाथ-भड़ूच-कच्छ- भावनगर-राजकोट- मेंहसांणा का विकास	35.99
23.	आंध्र प्रदेश (2017-18)	आंध्र प्रदेश में शलिहुण्डम-थोटलाकोण्डा- बावीकोण्डा-बोज्जन कोण्डा - अमरावती- अनुपू का विकास।	52.34
तीर्थांकर परिपथ			
24.	बिहार (2016-17)	जैन परिपथ का विकास : वैशाली- आरा-मसाद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी	52.39

******